इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

मार्केटिंग डिवीजन

दिल्ली एवं हरियाणा राज्य कार्यालय

# **हरियाणा राज्य** में रिटेल आउटलेट (पेट्रोल/डीजल पंप) हेतु भूमि की आवश्यकता

## यह विज्ञापन केवल भूमि की खरीद अथवा दीर्घकालीन पट्टे (लॉन्ग लीज़) हेतु है; डीलरशिप की नियुक्ति के लिए नहीं।

इस विज्ञापन के माध्यम से इच्छुक पक्षों से सीलबंद प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं, जिसमें दो अलग-अलग लिफाफे हों — एक में स्थल (साइट) का तकनीकी विवरण और दूसरे में वित्तीय प्रस्ताव। ऐसे इच्छुक पक्ष, जिनके पास इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि को भूमि के वैध और स्पष्ट विपणन योग्य शीर्षक (क्लियर मार्केटेबल टाइटल) का स्वामित्व हो, उनसे यह प्रस्ताव इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को भूमि के पूर्ण विक्रय / पट्टे द्वारा (न्यूनतम 19 वर्ष 11 माह और अधिमानतः 30 वर्षों के नवीकरण विकल्प सहित) निम्नलिखित लोकेशनों पर रिटेल आउटलेट स्थापित करने के लिए हस्तांतरण हेतु आमंत्रित किए जा रहे हैं:

| क्रम संख्या | **राज्य** | जनपद | स्थान | डिविजनल कार्यालय | राजमार्ग/ शहर | न्यूनतम भूखंड आकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा | गुड़गाँव | दिल्ली से जयपुर जाते समय NH48 पर खेड़की दौला टोल से बिलासपुर चौक तक बाईं ओर | गुड़गाँव | NH48 | क्षेत्रफल न्यूनतम 1.5 एकड़, न्यूनतम फ्रंटेज 72 मिटर |
| 2 | हरियाणा | पलवल | दिल्ली से मथुरा जाते समय NH44 पर किमी स्टोन 62 से किमी स्टोन 72 तक बाईं ओर | गुड़गाँव | NH44 | क्षेत्रफल न्यूनतम 1.5 एकड़, न्यूनतम फ्रंटेज 72 मिटर |
| 3 | हरियाणा | पलवल | दिल्ली से मथुरा जाते समय NH44 पर किमी स्टोन 64 से किमी स्टोन 73 तक दाईं ओर | गुड़गाँव | NH44 | क्षेत्रफल न्यूनतम 1.5 एकड़, न्यूनतम फ्रंटेज 72 मिटर |
| 4 | हरियाणा | नूह | गुड़गांव से अलवर जाते समय एनएच 248ए पर किमी स्टोन 77 से किमी स्टोन 86 तक | गुड़गाँव | NH 248A | क्षेत्रफल न्यूनतम 1.5 एकड़, न्यूनतम फ्रंटेज 72 मिटर |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | हरियाणा | सोनीपत या पानीपत | सोनीपत और पानीपत जिले में NH-44 पर दिल्ली से अंबाला जाते समय बाईं ओर | पानीपत | NH44 | **क्षेत्रफल न्यूनतम 1.5 एकड़, न्यूनतम फ्रंटेज 72 मिटर** |

निम्नलिखित बातों को कृपया ध्यान में रखें:

- विज्ञापन में उल्लिखित प्लॉट का आकार न्यूनतम पात्रता मानदंड है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की आवश्यकता और उपलब्धता के अनुसार बड़े आकार का प्लॉट लिया जा सकता है।
- राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रस्तावित भूमि टोल ब्रिज / एनएच-एसएच-एमडीआर क्रॉसिंग से 1 किलोमीटर की परिधि के भीतर नहीं होनी चाहिए और यह प्राथमिकता के आधार पर उसी दिशा में स्थित निकटतम रिटेल आउटलेट से कम से कम 1 किलोमीटर की दूरी पर होनी चाहिए।
- शहर/कस्बे की सीमा के भीतर, छोटे आकार के भूखंड भी विचाराधीन हो सकते हैं, बशर्ते वे रिटेल आउटलेट स्थापित करने के लिए उपयुक्त हों।
- भूखंड का अग्रभाग मुख्य सड़क से सटा होना चाहिए, जिसमें भूखंड तक उचित पहुंच मार्ग हो।
- बोलीदाता को शहरी भूमि सीमा, कृषि से गैर-कृषि रूपांतरण, आयकर स्वीकृति, बंधक-मुक्त प्रमाण पत्र आदि जैसी सभी वैधानिक स्वीकृतियों की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
- राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रस्तावित भूमि के मामले में, बोलीदाता यह सुनिश्चित करेगा कि भूमि एनएचएआई के मानकों को पूरा करती हो।
- भूमि समतल होनी चाहिए या सड़क स्तर तक एक सतत भूभाग में होनी चाहिए।
- भूखंड ओवरहेड हाई-टेंशन बिजली लाइन, उत्पाद / पानी पाइपलाइन / नहर / जल निकासी / नाले / सार्वजनिक सड़क / रेलवे लाइन आदि से मुक्त होना चाहिए।
- भूखंड किसी भी प्रकार के अतिक्रमण, धार्मिक ढांचे आदि से मुक्त होना चाहिए। इस संबंध में विधिवत नोटरीकृत दस्तावेज प्रस्ताव के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- यदि आवश्यक पूरी भूमि एक ही स्वामी की न हो, तो आपस में लगे भूखण्डों के समूह के मालिक, जो कंपनी की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, एक पंजीकृत पावर ऑफ अटॉर्नी धारक के माध्यम से प्रस्ताव दे सकते हैं। हालांकि, इंडियन ऑयल केवल पावर ऑफ अटॉर्नी धारक से ही संपर्क करेगा। प्रत्येक स्वामी की स्वीकृति सहित पावर ऑफ अटॉर्नी की प्रति प्रस्ताव के साथ संलग्न होनी चाहिए।
- जो लोग कृषि भूमि की पेशकश कर रहे हैं उन्हें अपने खर्च पर भूमि को गैर-कृषि, विशेष रूप से वाणिज्यिक उपयोग हेतु परिवर्तित करना होगा।
- जिला प्रशासन एवं अन्य सरकारी संस्थाएं भी इस विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन कर सकती हैं। यदि सरकारी भूमि उपयुक्त पाई जाती है तो उसे प्राथमिकता दी जाएगी।
- इंडियन ऑयल द्वारा अनुमानित निम्नलिखित अतिरिक्त लागत को भी निविदाओं के व्यावसायिक मूल्यांकन में शामिल किया जाएगा:
  (i) भूमि भराई / समेकन / कटिंग की लागत, जिसमें रिटेनिंग वॉल / ह्यूम पाइप आदि की लागत तथा भूमि को सड़क स्तर पर लाने हेतु पहुँच मार्ग के विकास की लागत।
  (ii) टेलीफोन / विद्युत लाइनों के स्थानांतरण / बिछाने जैसी भौतिक आवश्यकताओं की लागत।
- दलाल / प्रॉपर्टी डीलर आवेदन न करें।
- इंडियन ऑयल डाक / फैक्स द्वारा भेजे गए दस्तावेजों के विलंब, क्षति या न प्राप्त होने की कोई जिम्मेदारी नहीं लेता। प्राप्त कोटेशन केवल प्रस्ताव मात्र हैं और किसी भी प्रकार से इंडियन ऑयल को बाध्य नहीं करते।
- **पेट्रोल पंप के लिए आवेदित साइट की पेट्रोल + डीजल कि कुल बिक्री क्षमता न्यूनतम 400 किलो लिटर प्रति माह होनी चाहिए।**
- इंडियन ऑयल बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी प्रस्तावों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
- **प्रस्तावित भूमि या तो राष्ट्रीय राजमार्ग के उस हिस्से में होनी चाहिए कि, प्रस्तावित भूमि तक तक या तो राजमार्ग से सीधे (सर्विस लेन से होते हुए नहीं) पहुँच हो, या फिर प्रस्तावित भूमि की बाउंडरी सर्विस लेन के लिए राजमार्ग से प्लॉट तक पाहुचने वाली निकासी से 100 मिटर से अधिक दूर नहीं हैं।**

प्रस्ताव दो-बोली प्रणाली में निम्नानुसार अनुसार प्रस्तुत किया जाना चाहिए:

(क) तकनीकी बोली:

प्रस्तावित भूखंड का विवरण, दस्तावेजों की सत्यापित प्रति के साथ, प्रस्तुत किया जाना है। तकनीकी बोली में भूमि की अनुमानित कीमत / लागत का कोई उल्लेख नहीं होना चाहिए। बोलीदाता को निम्नलिखित विवरण प्रस्तुत करने होंगे:

1. भूमि के स्वामी / स्वामियों का नाम।
2. भूखंड की स्थिति दर्शाने वाला मुख्य नक्शा (Key Plan)।
3. बिक्री / पट्टे हेतु प्रस्तावित क्षेत्र का विवरण तथा भूखंड के आयाम।
4. '7/12' निकर्ष अथवा समतुल्य दस्तावेज जैसे खतौनी, जमाबंदी, खसरा, गिरदावरी आदि तथा स्वामित्व प्रमाणित करने वाला शीर्षक दस्तावेज (जैसे बिक्री विलेख) की प्रमाणित प्रति।
5. यदि कोई पावर ऑफ अटॉर्नी धारक प्रस्ताव प्रस्तुत कर रहा है, तो पंजीकृत पावर ऑफ अटॉर्नी की प्रति संलग्न करें।

| लोकेशन क्रमांक | आवेदन/ बोली जमा करने का पता |
|---|---|
| क्रम संख्या 01 से 4 के लिए | डिवीजनल रिटेल हेड, गुड़गांव डिवीजनल ऑफिस, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, प्लॉट नंबर 83, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर-18, गुरुग्राम-122015 (हरियाणा), संपर्क नंबर 0124-3645690 |
| क्रम संख्या 5 के लिए | डिवीजनल रिटेल हेड, पानीपत मंडल कार्यालय, पानीपत मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स, गांव-बहोली, पीओ पानीपत रिफाइनरी, पानीपत - 132140 हरियाणा, संपर्क नंबर : 0180 2578074 |

उपरोक्तानुसार मांगे गए दस्तावेज / विवरण के बिना प्राप्त प्रस्तावों को अस्वीकार किया जा सकता है।

नोट: तकनीकी बोली को अलग लिफाफे में सीलबंद कर "TECHNICAL BID" अंकित करें।

(ख) वित्तीय बोली:

वित्तीय बोली में निम्नलिखित विवरण शामिल होने चाहिए:

I. प्रस्ताव बिक्री हेतु है, पट्टे हेतु है या दोनों में से किसी एक के लिए।

II. यदि बिक्री हेतु है, तो अपेक्षित बिक्री मूल्य (रुपयों में)।

III. यदि पट्टे हेतु है, तो अपेक्षित मासिक किराया (रुपयों में) तथा पट्टे की अवधि (वर्षों में)।

नोट: वित्तीय बोली को अलग लिफाफे में बंद कर "FINANCIAL BID" अंकित करें।

उपरोक्तानुसार मांगे गए दस्तावेज / विवरण के बिना प्राप्त प्रस्तावों को अस्वीकार किया जा सकता है।

तकनीकी बोली एवं वित्तीय बोली दोनों को अलग-अलग लिफाफों में बंद कर एक तीसरे लिफाफे में डालें और लिफाफे पर स्पष्ट रूप से अंकित करें:

"OFFER FOR LAND AT ___________________ (स्थान का नाम)"

**इच्छुक पक्ष निम्नलिखित पते पर निर्धारित अंतिम तिथि व समय तक आवेदन भेज सकते हैं**:

बोली/प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 16.06.2025 को शाम 17:00 बजे तक है। इस तिथि और समय के बाद प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। जमा किए गए प्रस्ताव 150 दिनों की अवधि तक, या किसी भी आपसी सहमति से बढ़ाई गई अवधि तक, वैध रहना चाहिए।

नोट: विस्तृत विज्ञापन के हिन्दी और अंग्रेजी संस्करण के बीच किसी भी विसंगति की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।